प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 30.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

................................

राज्य सरकार के नए जिले रद्द करने के फैसले के बाद रीट परीक्षा के आयोजन को लेकर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अलर्ट मोड पर आ गया है। जिन नौ जिलों को राज्य सरकार ने रद्द किया है, उन जिलों से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अब गृह जिला संशोधन का मौका दिया जाएगा। पहली बार प्रदेश के सभी 41 जिलों में सेंटर बनाए जाएंगे। रद्द हुए नौ जिलों में सेंटर नहीं बनाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव और रीट के समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार महिला अभ्यर्थियों का सेंटर उनके गृह जिले में ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड की कोशिश रहेगी कि पुरुष अभ्यर्थियों को भी गृह जिला ही मिले। अगर ऐसा नहीं भी हुआ तो पास ही का जिला आवंटित किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों को गृह जिले से संबंधित आशंका है, उन्हें करेक्शन का अवसर भी दिया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि सभी कलेक्टर और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से परीक्षा सेंटरों की सूची पांच जनवरी तक मांगी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक लेवल वन में 66 हजार 662, लेवल टू में एक लाख 60 हजार 395 और दोनों ग्रुप में 19 हजार 620 ने आवेदन किया हैं।

................................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो आज रात नौ बजकर 58 मिनट पर श्री हरिकोटा से दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। ये उपग्रह कक्षा में अंतरिक्ष यानों की डॉकिंग–अनडॉकिंग यानि जोडने और अलग करने की प्रक्रिया दर्शायेंगे। प्रक्षेपण यान पीएसएलवी–सी 60 इन दोनों उपग्रह–एसडीएक्स–01 और एसडीएक्स–02 को 476 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित करेगा और स्पेस डॉकिंग की प्रायोगिक प्रक्रिया पूरी करेगा। इस प्रक्षेपण के साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश हो जाएगा। स्पे डेक्सॉ मिशन अंतरिक्ष के अन्वेषण में भारत के भावी प्रयासों में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इन प्रयासों में चन्द्रमा की सतह से चट्टान और मिट्टी लाने, प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष केन्द्र की स्थापना और चांद की सतह पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने के प्रयास शामिल होंगे। अब तक केवल अमरीका, रूस और चीन ने स्पेस डॉकिंग तकनीक में महारथ हासिल की है।

................................

भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार असाधारण वृद्धि दर्ज करते हुए सात सौ बिलियन अमरीकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। इससे भारत विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। 2014 से 2024 के दशक में कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 709 बिलियन डॉलर का हुआ था। वैश्विक प्रतिस्पर्धी सूचकांक में 2014 के 71वें स्थान से छलांग लगाते हुए भारत 2018 में 39वें स्थान पर पहुंच गया। यह बुनियादी ढांचा, बाजार के आकार और नवाचार में वृद्धि को दर्शाता है।

................................

जयपुर में आज राजस्थान में मौसम और जलवायु सेवाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ये कार्यशाला आयोजित की जा रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मौसम विशेषज्ञों और हितधारकों के बीच संवाद को बढावा देने और मौसम तथा आपदा की पूर्व सूचना देने के उद्देश्य से ये कार्यशाला रखी गई है।

................................

प्रदेशभर में सर्दी का असर तेज हो गया है। पिछले 24 घंटों में सबसे कम 5 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में दर्ज किया गया। चित्तौडगढ में 5 दशमलव 3, जैसलमेर में 5 दशमलव 5, उदयपुर के डबोक में 5 दशमलव 6, भीलवाडा में 6 डिग्री सैल्सियस, अजमेर में 6 दशमलव 2, सीकर में 6 दशमलव 8, जालौर में 6 दशमलव 9 वहीं राजधानी जयपुर में 7 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर सहित कई शहरों में आज सुबह कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित रहा। दृष्यता कम होने के

कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के विभिन्न शहरों के रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। दौसा में पिछले दिनों हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद घना कोहरा छाया हुआ है। तेज सर्दी के चलते लोगों की दिनचर्या पर भी असर देखा जा रहा है। सिरोही जिले के माउंट आबू में भी तेज ठण्ड पड रही है। तेज सर्दी के बावजूद यहां सैलानियों की आवक जारी है। झालावाड में भी तेज सर्दी और कोहरे का असर देखा जा रहा हैं। वहां भी दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

................................